महंगाई और बेरोजगारी पर केन्द्र के खिलाफ कांग्रेसजनों का विरोध-प्रदर्शन

बीकानेर,(कासं)। देश में लोकतंत्र का गला घोट कर महंगाई और बेरोजगारी के दलदल में धकलेने वाली केन्द्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ बीकानेर शहर कांग्रेस ने विरोध प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तारी दी।

सादुल सिंह सर्किल से पैदल मार्च करते हुए जिला कलेक्टर कार्यालय तक कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कलेक्ट्रेट के आगे यशपाल गहलोत ने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार और उनके दो मुखिया नरेन्द्र मोदी और अमित शाह ने देश को तोड़ते हुए बर्बादी के कगार पर पहुंचा दिया। महंगाई और बेरोजगारी ने पूरे देश की कमर तोड़ कर रख दी है।

यशपाल गहलोत ने कहा कि लोकतांत्रिक देश में जिस तरह से हिटलरशाही हावी है वो भारत के लिए खतरा है लेकिन कांग्रेसजन इसके खिलाफ लगातार लड़ाई लड़ता रहेगा। प्रदेश सचिव हाजी जिया उर रहमान आरिफ ने कहा कि आज इस देश को अगर किसी से खतरा है तो वो एकमात्र भाजपा पार्टी है।

मदनगोपाल मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का हर एक कार्यकर्ता सड़कों पर इस अलोकतांत्रिक सरकार के खिलाफ प्रदर्शन को तैयार है। पूर्व संसदीय सचिव कन्हैयालाल झंवर ने कहा कि देश में आमजन का बुरा हाल है लेकिन मोदी सरकार सिर्फ अपने धनवान मित्रों को देश का पैसा लुटाने के लिए कार्य कर रही है। प्रवक्ता नितिन वत्सस ने बताया कि जिला अध्यक्ष यशपाल गहलोत के नेतृत्व में गिरफ्तारी देने वालों में वरिष्ठ उपाध्यक्ष माशूक अहमद,मुकेश राजस्थानी, कन्हैयालाल कल्ला, श्रीलाल व्यास, हारून राठौड़, पूर्व न्यास अध्यक्ष मकसूद अहमद, ब्लॉक अध्यक्ष सुमित कोचर, आनंद सिंह सोढा, सलीम भाटी उपाध्यक्ष, टिंकू भाटी, दिलीप बांठिया, अयूब अली सोढा, वरिष्ठ कांग्रेसी गुलाम मुस्तफा, यूथ कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष शब्बीर अहमद, निगम नेता प्रतिपक्ष चेतना चौधरी, प्रदेश महिला सचिव उमा सुथार, मुमताज बानो, सेवादल प्रदेश संगठक कमल कल्ला, साजिद सुलेमानी, मोलाबक्स, शहर महिला जिलाध्यक्ष सुनीता गौड़, देहात महिला जिलाध्यक्ष राजकुमारी व्यासद्ध, अर्चना नागल, हबीबा चौधरी, शशिकला राठौड़ राधा भार्गव, महासचिव विक्की चढ़ा, ललित तेजस्वी, आनंद जोशी, सुभाष स्वामी, हरिशंकर नायक, तोलाराम सियाग, सुखदेव नाथ, सचिव फिरोज भाटी, शिव गहलोत, श्याम कुमार तंवर, विकास तंवर, राहुल जादूसंगत, करणीसिंह राजपुरोहित रवि पारीक, एजाज पठान, पाबूराम नायक, सोहन राव, मोहम्मद फारूक, हाजी खां, इकबाल मलवान, शांतिलाल सेठिया, अब्दुल रहमान लोदरा, पार्षद मनोज नायक, जीतू नायक पार्षद, सुनील गेदर, पार्षद मनोज विश्नोई, पार्षद प्रफुल्ल हटीला, पार्षद परमानंद गहलोत, पार्षद किशन तंवर,पार्षद आजम अली,पार्षद मनोज किराडू, पट्टू जोशी, बलराम,मनोज नायक, ताहिर हसन कादरी, मनीष जोशी, योगेश गहलोत, जयदीप सिंह जावा, यूनिस अली, सुरेंद्र डोटासरा, जाकिर नागौरी, अनवर अजमेरी, प्रेमलता गहलोत, मनीष खान, अविनाश राठौड़, मैक्स नायक, मनीष जोशा सहित कांग्रेसजनों ने केन्द्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए गिरफ्तारी दी। देश का झंडा तिरंगा नहीं चाहिए दो रंगा सरीखे नारे लगाने वालों में योगेश गहलोत, मनोज व्यास, इस्माइल खिलजी, बलराम नायक सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

बीकानेर में केन्द्र सरकार के खिलाफ कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कांग्रेसियों ने गिरफ्तारी दी।

- **बीकानेर शहर कांग्रेसजनों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए गिरफ्तारी दी**

रतनगढ़। केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित महंगाई व बेरोजगारी के विरोध में एआईसीसी के निर्देशानुसार व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर रतनगढ़ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने निवर्तमान जिला अध्यक्ष भंवरलाल पुजारी के नेतृत्व में स्थानीय गढ चौराहे पर विरोध प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला जलाया। केन्द्र सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर आक्रोश व्यक्त किया तथा कार्यकर्ताओं ने जेल भरो अभियान के तहत गिरफ्तारी दी।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष पुजारी ने बताया कि देश में आमजन महंगाई तथा बेरोजगारी से त्रस्त है जिसका विरोध करने पर कांग्रेसी नेताओं पर ईडी और सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरुपयोग कर कार्यवाही की जाती है। ऐसी स्थिति में पूरे देश में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस अवसर पर पीसीसी सदस्य रमेश इन्दोरिया, कल्याण सिंह शेखावत, जिला महामंत्री रामनारायण व्यास, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंद चाकलान, जिला उपाध्यक्ष फकीरचंद दानोदिया, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बागडवा मौजूद थे।

शिक्षकों की लम्बित समस्याएं जस की तस

बीकानेर,(कासं)। निदेशालय में लम्बित शिक्षकों की समस्यायें जस की तस है।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रतिनिधि मंडल ने शिक्षकों की समस्याओं प्राचार्य, उपाचार्य पदोन्नति हेतु वर्ष 15-16,16-17 पात्रता सूची से वंचित रहे प्राध्यापकों के प्रकरण संयुक्त निदेशक उदयपुर द्वारा कई बार भेजे जा चुके हैं। बीकानेर में चल रहे एसीपी प्रकरणों पर बकाया एसीआर भी तीन से चार बार भेजी जा चुकी है। इसके बावजूद भी निदेशालय स्तर पर भारी अनियमितता, गंभीर लापरवाही बरती जा रही है तथा समय पर एसीपी प्रकरणों का निस्तारण नहीं हो रहा है। कई प्रकरण तो एक वर्ष से पेंडिंग चल रहे हैं।

राजस्थान शिक्षक संघ एकीकृत के प्रदेश मीडिया प्रभारी राव गोपाल सिंह आसोलिया, प्रदेश उपाध्यक्ष भारत भूषण जोशी, सभाध्यक्ष पुष्पराज शक्तावत के नेतृत्व में निदेशक बीकानेर कार्यालय में संयुक्त निदेशक धर्मेन्द्र जोशी से उदयपुर संभाग के विभिन्न विषयों के व्याख्याताओं प्राध्यापकों के निदेशालय बीकानेर में पेंडिंग एसीपी प्रकरणों, प्रधानाचार्य, प्राध्यापक, वरिष्ठ अध्यापक, शारीरिक शिक्षक पदोन्नति पर वार्ता की गई तथा उनके शीघ्र निस्तारण हेतु आग्रह किया गया। जिस पर संयुक्त निदेशक धर्मेन्द्र जोशी ने तत्काल कार्यवाही करने का आश्वासन भी दिया लेकिन निदेशालय स्तर पर सेक्शन ऑफिसर द्वारा गंभीर लापरवाही एवं अनियमितता तथा कार्य के प्रति उदासीनता बरती जा रही है। ऐसी स्थिति में शिक्षा मंत्री को मेल भेजकर आग्रह किया है।

सार-समाचार

सड़कों को दुरूस्त किया जायेगा

बीकानेर,(कासं)। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 5 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक रोड रिपेयर प्रोग्राम चलाया जायेगा। इस दौरान जिले की लगभग 4 हजार 252 किलोमीटर सड़कों को दुरुस्त किया जायेगा। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित बैठक में सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता मुकेश गुप्ता ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 5 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक डीएलपी की लगभग 1 हजार 522 किलोमीटर तथा दूसरे चरण में 20 अक्टूबर तक नॉन डीएलपी की लगभग 2 हजार 930 किलोमीटर सड़कों को मिशन मोड में दुरुस्त किया जायेगा। इस दौरान जिला कलेक्टर ने जल जीवन मिशन से संबंधित कार्यों के दौरान बिना अनुमति सड़क खोदने वालों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता को भी इस संबंध में पत्र प्रेषित करते हुए निर्देश दिया जायेगा। उन्होंने आरएसआरडीसी (राजस्थान स्टेट रोड डवलपमेंट कॉरपोरेशन), एनएच तथा यूआईटी से जुड़े सड़कों और अन्य निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता राजीव गुप्ता मौजूद थे।

लम्पी रोग से बचाव की जानकारी दी

बीकानेर,(कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत गोद लिए गए गांव कावनी में कृषि विज्ञान केन्द्र बीकानेर द्वारा लम्पी त्वचा रोग के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राजूवास के डॉ ताराचंद नायक ने बताया कि बीमारी के प्रारंभिक लक्षणों में पशु को बुखार आता है तो उसी समय ही पशु चिकित्सक से सलाह लेकर उपचार प्रारंभ कर देना चाहिए। इसी के साथ बीमार पशु को अन्य स्वस्थ पशु से अलग कर देना चाहिए। क्योंकि यह बीमारी मक्खियों तथा मच्छरों से तेजी से फैलती है। इसलिए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। मृत पशुओं को खाली स्थान पर ना फेंक कर उनको नमक के साथ दफनाना चाहिए ताकि बीमारी आगे ना फैलें। कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रयासों से कावनी में शिविर का भी आयोजन किया जायेगा। जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला, पंचायत समिति और तहसील स्तर पर इस बीमारी के नियंत्रण हेतु जिला दूरभाष नंबर 0151-2226031, जिला स्तरीय एलएसडी नियंत्रण कक्ष 0151-2226601 उपलब्ध कराये गए हैं। आज के जागरूकता कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के प्रभारी डॉ दुर्गा सिंह तथा वैज्ञानिक डॉ केशव मेहरा भी उपस्थित थे।

हर घर तिरंगा रैली निकाली

श्रीगंगानगर, (कासं)। जिला कलेक्टर रूक्मणि रियार सिहाग के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा कार्यक्रम को लेकर जन जागरूकता के उद्देश्य से जिला मुख्यालय पर शुक्रवार को सुबह 8 बजे रैली का आयोजन किया गया। शुक्रवार प्रात: 8 बजे स्काउट गाइड कार्यालय से रैली रवाना होकर भगतसिंह चौक, महाराजा गंगासिंह चौक, गोल बाजार होते हुए वापस स्काउट गाइड कार्यालय में पहुंची। रैली का उद्घाटन जिला पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा और सीईओ मोहम्मद जुनैद द्वारा किया गया। रैली में सीडीईओ गिरजेश कांत शर्मा, अरविन्द सिंह, एडिशनल एसपी जयसिंह तंवर, स्काउट गाइड, विद्यार्थी, खिलाड़ी, पुलिस कर्मी सहित अन्य शामिल हुए। यात्रा के दौरान विद्यार्थियों और स्काउट्स अपने हाथों में तिरंगा लेकर और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए निकले। सामाजिक एकता मंच द्वारा रैली के दौरान पुष्प वर्षा की गई।

बीकानेर व श्रीगंगानगर में झमाझम बारिश, वाहन चालक फंसे

बीकानेर,(कासं)। बीकानेर में शुक्रवार को दोपहर बाद आई बारिश से शहर में कई जगह पानी भर गया। दोपहर बाद पहले धीमी गति तथा बाद में आई तेज बारिश से कई निचले इलाकों में पानी भर गया। इससे दुपहिया वाहन चालकों सहित पैदल चलने वालों को भारी परेशानी हुई।

श्रीगंगानगर संवाददाता के अनुसार इलाके में बरसात का दौर जारी है। शुक्रवार को सुबह उमस के बाद दोपहर में एक बार फिर बरसात का दौर शुरू हो गया। जिला मुख्यालय पर दोपहर करीब दो बजे शुरू हुई बरसात पांच बजे तक रूक-रूक कर जारी थी। कभी हल्की तो कभी तेज बरसात से मौसम खुशनुमा हो गया। इससे मौसम में ठंडक का अहसास होने लगा। हालांकि जिले के बड़े हिस्से में आज भी लोगों को बरसात का इंतजार रहा। जिले के जैतसर, रायसिंहनगर और पदमपुर में आंधी चली। रावला इलाके में हल्की बरसात के बाद उमस के हालात हो गए।

- **सड़कों पर पानी भरने से व्हीकल्स और पैदल चलने वाले हुए परेशान**

जिला मुख्यालय पर सुबह दिन की शुरुआत से ही बादल छाए हुए थे लेकिन इस दौरान गर्मी का असर बना हुआ था। दिन की शुरुआत में उमस थी लेकिन दोपहर करीब दो बजे बरसात शुरू हुई। शुरुआत में धीमी होने के बाद यह तेज हो गई।

शाम पांच बजे तक रूक-रूक कर बरसात का दौर जारी था। बरसात के कारण सड़कों पर चलने वाले लोगों को परेशानी हुई। किसी ने सड़क किनारे दुकानों के शैड के नीचे शरण ली तो कुछ भीगते हुए घरों, ऑफिस और दुकानों में पहुंचे।

बरसात के कारण शहर की सड़कों पर पानी जमा हो गया। शहर के सुखाड़िया सर्किल, सूरतगढ़ रोड, गौशाला रोड, रवीन्द्र पथ और कई अन्य इलाकों में बरसात के कारण पानी जमा हो गया। सूरतगढ़ रोड पर गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सामने की तरफ तो सड़कों के हालात बेहद बुरे हो गए। सड़कों के किनारे फिसलन से लोगों और वाहनों का चलना मुश्किल हो गया।

झुंझुनूं जिले के मंडावा क्षेत्र में शुक्रवार अपरान्ह तीन बजे बारिश हुई। इससे तापमान में गिरावट आई है। वहीं खरीफ की फसलों के लिए भी वरदान, किसानों के चेहरे भी खिल गए है। कृषक बनवारी चायवाला ने बताया कि इससे छोटे पौधों को बारिश से फायदा है। बारिश के बाद ग्वार का बिजाई क्षेत्रफल काफी बढ़ने की उम्मीद है।

शिक्षक संघ की बैठक कल

बीकानेर, (कासं)। प्रदेश कार्यकारिणी के निर्णयानुसार राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला शाखा बीकानेर की बैठक रविवार को सुबह 9:30 बजे गजराज गहलोत बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय अलग सागर कुए के पास बोथरा कॉम्प्लेक्स के पास वाली गली बीकानेर में जिलाध्यक्ष मोहनलाल भादू की अध्यक्षता में रखी गई है।

जिलामंत्री नरेन्द्र आचार्य ने बताया कि बैठक में समस्त जिला कार्यकारिणी के सदस्य, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य, समस्त उपशाखा के अध्यक्ष, मंत्री, महिला मंत्री, कोषाध्यक्ष भाग लेंगे। बैठक में सत्र 2022-23 के सदस्यता अभियान पर चर्चा, आजादी के अमृत महोत्सव 12 अगस्त को आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर विचार विमर्श, तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण नहीं होने पर चर्चा करेंगे। सरकार की शिक्षा एवं शिक्षक विरोधी नीतियों के विरुद्ध उपखंड स्तर पर किए जाने वाले प्रदर्शन पर चर्चा करेंगे।

रोड पर युवक का शव मिला, हत्या की आशंका

बीकानेर,(कासं)। जिले के कालू गांव में एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला। माना जा रहा है कि इस युवक की बेरहमी से पिटाई की गई है। उसके हाथ और पांव पर जबर्दस्त चोट के निशान है। घटना की जानकारी मिलने पर कालू, लूणकरनसर और श्रीडूंगरगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची है।

जानकारी के अनुसार कालू के पास सहजरासर रोड पर ओम प्रकाश ज्याणी नामक युवक की लाश मिली है। वह करीब तीस वर्ष का बताया जा रहा है। ओमप्रकाश के हाथ और पांव पर काफी चोट लगी हुई है। शुक्रवार सुबह कुछ लोगों ने उसका शव पड़ा देखा था। मौके पर पहुंची कालू पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।

- **युवक की बेरहमी से पिटाई की गई है उसके हाथ और पांव पर जबर्दस्त चोट के निशान हैं**
- **एफएसएल टीम भी आसपास के सबूत जुटा रही है**

वहीं बीकानेर से एफएसएल टीम भी मौके पर पहुंची है। लूणकरनसर और श्रीडूंगरगढ़ सीओ दोनों मौके पर पहुंच गए हैं। एफएसएल टीम भी आसपास के सबूत जुटा रही है। शव से भी कुछ सुराग जुटाए जा रहे हैं। घटना की जानकारी मिलने के साथ ही बड़ी संख्या में लोग भी मौके पर पहुंचने शुरू हो गए हैं। प्रथमदृष्टया माना जा रहा है कि आपसी रंजिश के चलते ओमप्रकाश ज्याणी को मारा गया है। उसके शरीर पर हुए वार से लग रहा है कि कुछ लोगों ने मिलकर उसकी हत्या की है। अब तक पुलिस किसी भी निर्णय पर नहीं पहुंच सकी है।

नकबजनी गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार

नोखा, (कासं)। पुलिस ने अंतर जिला नकबजनी गैंग का एक और आरोपी गिरफ्तार किया।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि 21 जुलाई को मालू चौक निवासी कांती लाल त्रिवेदी ने मामला दर्ज करवाया था कि वे अपने पुत्र के पास मुंबई गए हुए थे। इस दौरान चोर बैंक लॉकर्स की चाबियां, चांदी की पायजेब, चांदी के सिक्के व लोटा, सोने का लॉकेट चुरा कर ले गए। मामले में बाच्छाखाड़ा नागौर निवासी रोहित उर्फ लिछिया नायक को गिरफ्तार किया व चोरी किए गए चांदी के सिक्के बरामद किए गए। जिसके बाद आरोपी को पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज, तकनीकी संसाधनों से चोरी की वारदात का खुलासा कर प्रकरण रात के समय सूने मकानों की रैकी कर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर गजनेर के मामराज उर्फ मामला भार्गव, आमीन कायमखानी, टालनियाऊ सुरपालिया निवासी प्रेम उर्फ ओमप्रकाश बिकुनिया मेघवाल व चांडासर निवासी सन्नी नायक को पूर्व में ही गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपियों से पिछले दो माह में नोखा डूंगरगढ, नाल व गंगाशहर में 8 चोरियां करना स्वीकार किया है। वहीं चोरी का माल खरीदने वाले बीकानेर के रामपुरिया निवासी लोकेंद्र सिंह को गिरफ्तार कर आरोपियों से खरीदा गया चांदी का लोटा बरामद कर जेल भिजवा दिया गया है। इस दौरान कार्रवाई में नोखा पुलिस के थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़, एसआई भोलाराम, एएसआई श्रवण कुमार, सौभाग्यसिंह, गोविन्दसिंह, सुरेशसिंह, हैड कानि खेताराम, कानि कैलाश बिश्नोई, भैरूदान, आत्माराम, रामस्वरूप, देवाराम, गणेश गुर्जर, राजेश मोटसरा, पवन, खुशराज व बीकानेर साइबर सैल के हैड कानि दीपक यादव व दलीप सिंह शामिल थे।

- **चांदी के सिक्के बरामद किए, आरोपी को जेल भेजा**

जब्तशुदा 562 लीटर शराब नष्ट

नोखा,(कासं)। पुलिस ने 16 मामलों में जब्त 562 लीटर देशी, अंग्रेजी शराब और बीयर का निस्तारण किया।

थानाधिकारी ईश्वरप्रसाद जांगिड़ ने बताया कि पुलिस थाना में आबकारी अधिनियम के 16 मुकदमों में जब्त शुदा देशी, अंग्रेजी शराब, बीयर, राजस्थान निर्मित शराब व हथकड़ शराब करीब 562 लीटर को नष्ट किया गया।

न्यायालय एसीजेएम नोखा से आदेश प्राप्त कर बीकानेर जिला आबकारी अधिकारी भवानीसिंह राठौड़, नोखा वृत के आबकारी निरीक्षक नगेन्द्र सिंह, बीकानेर आबकारी विभाग के भीमगिरी, थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ की उपस्थिति में थाना परिसर में जेसीबी मशीन से गड्ढा खुदवा कर शराब को जमींदोज कर नष्ट किया गया।

दो माह से पेंशन नहीं मिलने से रोडवेज पेंशनर्स परेशान

बीकानेर,(कासं)। रोडवेज पेंशनर्स को दो माह से पेंशन नहीं मिलने से परेशान हैं। रोडवेज बसों व कर्मचारियों की हालत व लचर व्यवस्था पर ना तो यातायात मंत्रालय और ना ही रोडवेज के उच्च प्रबंधन की कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं होने से रोडवेज के कर्मचारियों को हर महीने वेतन, पेंशन की टेंशन बनी रहती है।

रोडवेज प्रशासन अपनी संचालन आय बढाने के बजाय सरकारी अनुदान पर निर्भरता रखता है जो एक गलत परंपरा सी बन गई है। सरकार द्वारा रोडवेज को ढांचागत व्यवस्था हेतु अनुदान प्रति माह मिलने से वेतन, पेंशन मिलते हैं। अधिकारियों की लापरवाही से यह अनुदान समय पर नहीं मिलने से रिटायर्ड कर्मचारियों को समय पर उनको वेतन, पेंशन नहीं मिलने की एक नियमित प्रक्रिया सी हो गई है। इस व्यवस्था में उच्च स्तर से मॉनिटरिंग व तालमेल करते हुए सुधार की आवश्यकता है। शाखा सचिव गिरधारीलाल ने बताया कि मई के वेतन, पेंशन जो कि 18 दिन लेट जून में मिले थे और माह जून, जुलाई दो माह की पेंशन आज 65 दिनों बाद तक नहीं मिली हैं। पेंशनर्स जो कि पेंशन पर ही पूर्णतया निर्भर रहते हैं।

- **सरकार व रोडवेज के उच्च प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी**

पेंशन से ही जीवनयापन संभव है। पेंशन के अभाव में मोहताज से हो गये हैं। दूधवाला, परचून वाला, दवा वाला, त्योहार खर्चों की रोज टेंशन रहती है। सचिव ने बताया कि रोडवेज के वित्तीय सलाहकार की जवाबदेही हैं वो सीधे मुंह जवाब नहीं देने से और अधिक पीड़ादायक होती है। उन्हें संतोषप्रद जवाब देना चाहिए। शाखा सचिव ने राज्य सरकार व रोडवेज के उच्च प्रबंधन को पत्र लिखा है। सरकार व रोडवेज के उच्च प्रशासन द्वारा कोई सुनवाई नहीं करने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

प्रारूप-10 (नियम6(7)देखिए)
कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ
क्रमांक:2046 दिनांक:04/08/22
लोक सूचना
मैसर्स सोलमेट डिजायन एण्ड डवलपमेन्ट एल.एल.पी.जरिये श्री सूर्यप्रकाश पुत्र स्व.श्री राजेन्द्र प्रसाद निवासी चक 44 एन.डी.आर.तहसील पीलीबंगा जिला हनुमानगढ़ के निचे अल्लिखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	भूमि स्थान (खसरा नं.)	क्षेत्र
तह.सूरतगढ जिला श्रीगंगानगर	कस्बा सूरतगढ़	329/1 मिन 1 329/1 मिन 7	1.4205हैक्टेयर 0.2530हैक्टेयर कुल1.6735हैक्टेयर यानि16735वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नही है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 04/08/22 को जारी की गयी।
(विजय प्रताप सिंह)
प्राधिकारी अधिकारी नगरपालिका सूरतगढ

संभागीय आयुक्त ने संभाग में कानून व्यवस्था की समीक्षा की

बीकानेर,(कासं)। संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के. पवन ने शुक्रवार को संभाग के चारों जिलों के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंस पर संभाग में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की तथा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर तैयारियों को जाना।

उन्होंने कहा कि त्यौहारों के दौरान आपसी प्रेम एवं सद्भाव कायम रहे। इसे ध्यान रखते हुए सीएलजी एवं शांति समितियों की बैठकें कर ली जाएं। अधिकारी प्रत्येक स्थिति पर नजर रखें। संभागीय आयुक्त ने लम्पी स्किन डिजीज की स्थिति और प्रबंधन के बारे में जाना। उन्होंने कहा कि रोग की वर्तमान स्थिति के मद्देनजर प्रभावी व्यवस्था की जाए। जिलों में दवाईयों और संसाधनों की कोई कमी नहीं रहे। जागरूकता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। प्रत्येक गौशाला का निरीक्षण करते हुए स्थिति पर नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि संक्रमित पशुओं को अलग आइसोलट किया जाए। बाड़ों की साफ-सफाई का भी ध्यान रखें।

संभागीय आयुक्त नीरज के. पवन ने त्यौहारों के दौरान कानून व्यवस्था को लेकर वीसी के माध्यम से संभाग के अधिकारियों को संबोधित किया।

संभागीय आयुक्त ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले हर घर तिरंगा अभियान के तहत अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

- **वीडियो कांफ्रेंस पर आगामी त्यौहारों के मद्देनजर तैयारियों के बारे में जानकारी ली**

तीन दिन प्रत्येक घर, प्रतिष्ठान एवं कार्यालय में तिरंगा फहराया जाए। अधिक से अधिक स्थानों पर तिरंगा उपलब्ध करवाया जाए।

इस दौरान चारों जिलों के जिला कलेक्टर्स ने तैयारियों के बारे में बताया। कलेक्टर ने भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान के तहत जिले की 367 ग्राम पंचायतों में तिरंगा विक्रय केन्द्र स्थापित किये गए हैं। शहरी क्षेत्र के प्रत्येक वार्ड में झंडे उपलब्ध करवाए जाएंगे। आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

बालश्रम नहीं कराने की शपथ

बीकानेर,(कासं)। जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल के निर्देशानुसार शुक्रवार को बाल कल्याण समिति टीम संख्या 2 एवं 5 द्वारा गंगाशहर रोड की विभिन्न दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया एवं बालश्रम नहीं करवाने की समझाइश की गई। इस दौरान दुकानदारों से बालश्रम नहीं करवाने का वचन पत्र भी भरवाया गया।

बाल कल्याण समिति के सदस्य हर्षवर्धन सिंह भाटी एवं जुगल किशोर व्यास के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन की गंगाशहर रोड में बाल श्रम शिकायत का निवारण करने पहुंचे।

इस दौरान टीमों द्वारा पाया गया कि दुकान व्यापारियों में 14 वर्ष तक के बालकों को ही बाल श्रमिक माना जाता है। 18 वर्ष से कम उम्र के बालकों से काम करवाना बालश्रम माने जाने की बात स्वीकार की गई। इस दौरान कोटगेट थाना बाल कल्याण अधिकारी कमला, मानव तस्करी प्रकोष्ठ के रामनिवास तथा चाइल्ड लाइन कार्यकर्ता भवानीशंकर मौजूद थे।